
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई, रविवार 07 सितम्बर 2025 वर्ष 07 अंक 140 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ® खबरें बे-रोकटोक

## ठाणे : गंभीर रूप से बीमार आवारा कुत्ते का इलाज करने से इनकार



Page - 2

# मुंबई : लालबाग के राजा के दर्शन के लिए लाखों की भीड़

## उत्सव मातम में बदल गया, हादसे में दो साल की बच्ची की मौत,11 साल का भाई जख्मी

**मुंबई :** गणपति विसर्जन का माहौल पूरे जोश और श्रद्धा के साथ जारी है. दस दिनों तक पूजा, भजन और आरती के बाद भक्त अपने गणपति बप्पा को विदाई दे रहे हैं. लालबाग के राजा के दर्शन के लिए तो हमेशा ही लाखों की भीड़ उमड़ती है. इस बार भी नजारा कुछ ऐसा ही था झ ढोल-ताशों की आवाज, गुलाल की बारिश और भक्तों की भारी भीड़. लेकिन इसी बीच एक ऐसी घटना हुई जिसने उत्सव को मातम में बदल दिया.

**हादसे के बाद ड्राइवर फरार**

दिल दहला देने वाली बात ये रही कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग निकला. बिना मदद किए वह बच्चों को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. जांच में ये भी देखा जा रहा है कि हादसा लापरवाही से हुआ या फिर कोई और वजह रही.

### लालबाग के राजा के पास हुआ हादसा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार सुबह लालबाग के राजा के मुख्य द्वार के सामने हादसा हुआ. एक अज्ञात वाहन ने दो बच्चों को टक्कर मार दी. दोनों को बुरी तरह कुचल दिया गया. हादसे में दो साल की बच्ची की मौत हो गई. उसका 11 साल का भाई गंभीर रूप से जख्मी है और उसे परेल के केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है.



**विसर्जन के बीच कड़े इंतजाम**

गणेश विसर्जन के दौरान मुंबई पुलिस पहले ही चौकन्नी है. जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है ताकि जुलूस आसानी से निकल सके. लेकिन इतने इंतजामों के बीच भी ये दर्दनाक हादसा हो गया. इलाके में मौजूद लोग इस घटना से सन्न रह गए.

# मुंबई : एक्टर निकिता घाघ पर आरोप


## अपने साथियों के साथ मिलकर बंदूक व चाकू की नोक पर धमकाकर 10 लाख रुपये वसूले



**मुंबई :** एक्टर निकिता घाघ पर आरोप है कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक शिकायतकर्ता के ऑफिस में घुसपैठ की. साथ ही बंदूक व चाकू की नोक पर धमकाकर 10 लाख रुपये वसूले. इस घटना ने न केवल मुंबई फिल्म इंडस्ट्री बल्कि पुलिस महकमे को भी हिला दिया है. पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी पहचान करीब चारझपांच महीने पहले डायरेक्टर दिनेश सुदर्शन के जरिए निकिता से हुई थी.

निकिता ने उनसे एक एल्बम में काम करने की इच्छा जताई और दावा किया कि उनके पास एक इन्वेस्टर है. शर्त यह थी कि उन्हें लीड रोल दिया जाए. जब शिकायतकर्ता ने इनकार किया, तब भी निकिता लगातार मुलाकात करने और इन्वेस्टर से मिलवाने पर जोर देती रहीं. 14 अगस्त 2025 की शाम करीब 4:45 बजे शिकायतकर्ता अपने ऑफिस में मौजूद थे. उस समय आर्टिस्ट आरती नागपाल और कुछ अन्य फिल्मी हस्तियां भी ऑफिस में थीं. करीब 5:30 बजे निकिता पांचझछह अनजान लोगों के साथ ऑफिस पहुंचीं. इनमें एक शख्स ने खुद को विवेक जगताप बताया, जिसे सभी 'दादा' कहकर बुला रहे थे. आरोप है कि वे सभी केबिन में जबरन घुसे, गालियां दीं और शिकायतकर्ता के दोस्तों को बाहर निकाल दिया.

## मुंबई में एसी कोच के टॉयलेट में मिला 5 साल के बच्चे का शव, सामने आई हैरान करने वाली कहानी



**मुंबई :** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर शुक्रवार तड़के कुशीनगर एक्सप्रेस (22537) के एसी कोच से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई. ट्रेन के एसी कोच के टॉयलेट में एक तीन साल के बच्चे की लाश मिली. बताया जाता है कि ट्रेन की सफाई के दौरान बाथरूम के डस्टबिन से 5 साल के बच्चे का शव बरामद किया गया. ट्रेन के कोच से बच्चे का शव मिलते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई. जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त की रात करीब 1:05 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 4 पर पहुंची थी. इसी दौरान जब सफाई का काम शुरू हुआ तो प्रभारी कर्मचारी को टॉयलेट के कूड़ेदान में मासूम का शव नजर आया. तुरंत इसकी जानकारी स्टेशन प्रबंधन को दी गई और कुछ ही देर में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गए. बताया गया कि मृतक बच्चे की मां ने एक दिन पहले ही गुजरात के सूरत जिले के अमरोली पुलिस थाने में अपने चचेरे भाई विकाश शाह (उम्र 25 वर्ष) पर अपहरण का मामला दर्ज कराया था. पुलिस अब उसी पहलू को भी जांच के दायरे में रखकर आगे बढ़ रही है. फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश जारी है. इस घटना के बारे में रेलवे कमिश्नर राकेश काला सागर ने मीडिया से बातचीत में जानकारी दी की इस बच्चे की मिसिंग कंप्लेंट सूरत में दर्ज की गई थी. दो दिन पहले शिकायत सूरत पुलिस के पास दर्ज होने के बाद सूरत पुलिस बच्चे की तलाश में जुटी थी. रेलवे कमिश्नर ने कहा कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया है.

# मुंबई: बेस्ट ने की एक नई वातानुकूलित बस सेवा शुरू करने की घोषणा

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक से ओशिवारा बस डिपो तक चलेगी नई बस

**मुंबई :** आम जनता को न केवल चार पहिया वाहन, बल्कि तटीय सड़क पर यात्रा करने में सक्षम बनाने और उनकी यात्रा को तेज बनाने के लिए, बेस्ट पहल ने एक नई वातानुकूलित बस सेवा शुरू करने की घोषणा की है। नई बस सेवा, बस रूट अ-84, रविवार से शुरू हो रही है और यह सेवा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक से तटीय सड़क पर ओशिवारा बस डिपो तक चलेगी। इस रूट पर तटीय सड़क पर पारसी अस्पताल, महालक्ष्मी मंदिर, नेहरू तरंगन, वर्ली डेयरी जैसे स्टेशन हैं।

स्वराज्य रक्षक धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज तटीय सड़क (कोस्टल रोड) मार्ग पर काम शुरू होने से पहले ही बसों और एम्बुलेंस के लिए एक अलग लेन की योजना बनाई गई थी। चूँकि इस मार्ग पर भारी वाहनों, दोपहिया, तिपहिया और पैदल यात्रियों को जाने की अनुमति नहीं है, इसलिए इस मार्ग पर यात्रा करने का एकमात्र विकल्प अपना वाहन या टैक्सी है। बेस्ट की वजह से आम आदमी के लिए भी वहाँ से यात्रा करना संभव हो गया है। न्यूनतम किराया 15 रुपये से अधिकतम 50 रुपये है।



बेस्ट ने एनसीपीए से बायकुला तक ए-78 बस रूट पहले ही शुरू कर दिया है। इसके बाद, पूरे तटीय मार्ग को खोलने के बाद, बेस्ट ने एक और बस सेवा शुरू करने का फैसला किया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक और ओशिवारा बस डिपो के बीच इस बस यात्रा का न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 50 रुपये है। यह सेवा सप्ताह के सातों दिन चलेगी। स्टेशनः पहली बस, आखिरी बस ओशिवारा डिपोः शाम 7:15 बजे - शाम 5:20 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौकः रात 8:50 बजे - शाम 6:15 बजे

**नया बस रूट**

यह बस डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक (संग्रहालय), अहिल्याबाई होल्कर चौक (चर्चगेट स्टेशन), स्वराज्य रक्षक धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज सागरी किनारा मार्ग (कोस्टल रोड), वर्ली सी फेस, वर्ली आगर, बाबासाहेब वर्लिकर चौक, मेयर बंगला (शिवाजी पार्क), माहिम, खार स्टेशन रोड (पश्चिम), सांताक्रूज आगर, विरल पार्ले, अंधेरी स्टेशन (पश्चिम), ओशिवारा ब्रिज, जैसे महत्वपूर्ण स्थानों से यात्रा करेगी।

## मुंबई : अकासा की फ्लाइट देरी से पहुंचने पर यात्रियों ने जताई नाराजगी, पांच घंटे देर किया हंगामा




**मुंबई :** अकासा की फ्लाइट देरी से पहुंचने पर यात्रियों नेनाराजगी जताई। पांच घंटे देर होने के कारण लोगों ने हंगामा भी किया। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को अकासा एयर मुंबई का विमान अपने निर्धारित समय से पांच घंटे की देरी से वाराणसी पहुंचा। विमान के देरी होने के चलते यात्रियों ने एयरलाइंस के प्रति नाराजगी जाहिर करते जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार अकासा एयर का विमान क्यूपी 1327 मुंबई हवाई अड्डे से अपने निर्धारित समय पांच घंटे की देर से रात 12:25 बजे 191 यात्रियों को लेकर निकला, जो रात 2:18 बजे वाराणसी पहुंचा। यही विमान वाराणसी हवाई अड्डे से क्यूपी 1328 बनकर वापस रात 3:15 बजे 180 यात्रियों को लेकर मुंबई के लिए उड़ान भरा।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## दोहरे तोहफों की दीपावली...

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के साथ जो वायदा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घट कर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है। इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : पुलिस के काम में दखल नहीं दिया, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि सोलापुर में स्थिति शांत रहे और आगे न बढ़े - अजीत पवार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अजीत पवार ने पुलिस अधिकारियों के प्रति अपने सम्मान की पुष्टि की, एक वायरल वीडियो के बाद जिसमें उन्हें सोलापुर जिले में एक महिला भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी पर कथित तौर पर दबाव डालते हुए दिखाया गया था, जो अवैध मिट्टी खुदाई की शिकायतों की जांच कर रही थी। एक्स पर एक पोस्ट में पवार ने कहा कि उनका इरादा पुलिस के काम में हस्तक्षेप करने का कभी नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि सोलापुर में स्थिति ''शांत रहे और आगे न बढ़े।'' उन्होंने लिखा, ''सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से संबंधित कुछ वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनकी ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया गया है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि मेरा इरादा कानून प्रवर्तन में हस्तक्षेप करने का नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे और आगे न बिगड़े। मैं अपने पुलिस बल और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं, जो विशिष्टता और साहस के साथ सेवा करती हैं, के प्रति अत्यंत सम्मान रखता हूँ और मैं कानून के शासन को सर्वोपरि मानता हूँ। पवार ने अवैध रेत खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा, ''मैं पारदर्शी शासन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और यह सुनिश्चित करूंगा कि रेत खनन सहित हर अवैध गतिविधि से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाए।''

यह टिप्पणी सोलापुर के माधा तहसील के कुर्दु गांव से एक वायरल वीडियो सामने आने के बाद आई है, जहां आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा 21 अगस्त को सड़क निर्माण के लिए अवैध मिट्टी खुदाई की शिकायतों की जांच करने गई थीं। पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने हस्तक्षेप किया। उनमें से एक, बाबा जगताप, ने झड़प के दौरान अपना फोन महिला आईपीएस अधिकारी को दे दिया, जिससे उनका संपर्क पवार से हो गया। राउत ने आरोप लगाया, ''महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने उन्हें फोन पर धमकाया और कहा कि इस काम में शामिल लोग उनकी पार्टी के हैं और उन्हें उनकी रक्षा करनी चाहिए। महिला अधिकारी ने जवाब दिया कि वह किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं होंगी। नतीजतन, अजित पवार ने उन्हें चेतावनी दी कि वे उनके साथ न उलझें। अजित पवार ने यही कहा।'' पुलिस ने कुर्दु गांव में हुई झड़प की जांच शुरू कर दी है और एफआईआर में लगभग 15 लोगों को नामजद किया है।

# उपनगरों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना...

## कुछ इलाकों में भारी वर्षा भी हो सकती है




**मुंबई :** मुंबई और इसके उपनगरों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, शहर में दिनभर मध्यम वर्षा होगी, जबकि कुछ इलाकों में भारी वर्षा भी हो सकती है. आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे, जिससे उमस और नमी बनी रहने की आशंका है. बीएमसी आपदा प्रबंधन विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है. बारिश के कारण निचले इलाकों में जलजमाव की समस्या खड़ी हो सकती है, खासकर सुबह और शाम के समय जब दफ्तर जाने-आने वाली भीड़ सड़कों पर होगी. ट्रैफिक विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि अनावश्यक यात्रा से बचें और लोकल ट्रेन या मेट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें. मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अभी भी मानसून सक्रिय है और अरब सागर से आ रही नमी भरी हवाएँ शहर में बारिश ला रही हैं. इस वजह से अगले दो से तीन दिन तक मुंबई और आसपास के जिलों—ठाणे, पालघर और रायगढ़—में रुक-रुक कर बारिश जारी रह सकती है.

नगरपालिका के अधिकारियों ने दावा किया है कि जलनिकासी व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है और बारिश के दौरान पंपिंग स्टेशनों को पूरी क्षमता से चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं. वहीं, नागरिकों को भी अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आधिकारिक अलर्ट को ही मानें. आज का मौसम मुंबईकरों के धैर्य और सहनशीलता की परीक्षा लेगा. भारी बादलों से ढके आसमान और समुद्र में ऊँची लहरों के बीच, शहर एक बार फिर से बारिश की चुनौती का सामना करने को तैयार है.

# ठाणे : गंभीर रूप से बीमार आवारा कुत्ते का इलाज करने से इनकार

## पशु कल्याण संगठन को कानूनी नोटिस



**ठाणे :** एक वकील ने ठाणे स्थित पशु कल्याण संगठन, कम्युनिटी फॉर द प्रोटेक्शन एंड केयर ऑफ एनिमल्स (सीपीसीए) को ईमेल पर एक कानूनी नोटिस भेजा, क्योंकि उनके मुवक्किल को 28 अगस्त को एक गंभीर रूप से बीमार आवारा कुत्ते का इलाज करने से कथित तौर पर इनकार कर दिया गया था। नोटिस में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एडवोकेट प्रशांत नायक द्वारा दिए गए नोटिस के अनुसार, रीमा जीतसिंह चावला एक बीमार आवारा कुत्ते को लेकर रात करीब 10.30 बजे सीपीसीए सुविधा केंद्र पहुंचीं, जिसे तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता थी। सुविधा केंद्र के द्वार कथित रूप से बंद थे और चावला द्वारा मदद के लिए अपने दोस्तों को बुलाने के बाद ही खोले गए। नोटिस में सीपीसीए स्टाफ पर बीमार जानवर के प्रति ''अभद्र और असंवेदनशील'' व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। इसमें आगे आरोप लगाया गया है कि एक स्टाफ सदस्य, जो पशु चिकित्सक नहीं था, ने बिना कोई नैदानिक परीक्षण किए घोषित कर दिया कि कुत्ता कैनाइन डिस्टेंपर से पीड़ित है नोटिस में यह भी दावा किया गया है कि कर्मचारियों ने कुत्ते को वापस न लेने पर उसे इच्छामृत्यु देने की धमकी दी थी और ममता नाम की एक कर्मचारी, जो घटना के दौरान सुविधा केंद्र में मौजूद नहीं थी, ने फोन पर डिस्टेंपर के निदान की पुष्टि की। चावला ने बताया कि घटना के तुरंत बाद सीपीसीए के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर भी इस मामले की सूचना दी गई। नोटिस में लिखा है, ''आपके सुविधा केंद्र का आचरण अवैध है और स्थापित चिकित्सा पद्धतियों के विरुद्ध है।

# नवी मुंबई : तेज रफ्तार डम्पर ने मोटरसाइकिल सवार जोड़े को कुचल दिया, मौत !




**नवी मुंबई :** वाशी टोल नाका के पास एक तेज रफ्तार डम्पर ने मोटरसाइकिल पर सवार एक जोड़े को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रोशन वलेरियन लोबो (39) और उनकी पत्नी जेंसी रोशन लोबो (32) के रूप में हुई है, जो महात्मा फुले नगर, 90 फीट रोड, साकीनाका, मुंबई के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, दंपति दिन में पहले मुंब्रा गए थे। रात करीब 10:30 बजे, जब वे अपनी मोटरसाइकिल पर नवी मुंबई के रास्ते घर लौट रहे थे, तो मुंबई की ओर जा रहे डम्पर ने वाशी टोल नाका के पास सायन-पनवेल राजमार्ग पर उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से वे वाहन के पिछले पहिये के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सतर्क होने पर, वाशी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को अस्पताल भेजा। जांच में पता चला कि डम्पर, पंजीकरण संख्या MH 47 BY 1651 वाशी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने कहा, ''ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे नोटिस भी भेज दिया गया है।

# मुंबई : 29 अस्पतालों में 1,081 पदों को आउटसोर्सिंग के जरिए भरने का निर्णय

**मुंबई :** जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने के बजाय सरकार ने २९ अस्पतालों में १,०८१ पदों को आउटसोर्सिंग के जरिए भरने का निर्णय लिया है। इसका सीधा मतलब है कि सालाना २३ करोड़ रुपए जनता के खून-पसीने के टैक्स का पैसा ठेकेदारों और दलालों की जेबों में जाएगा। यह खर्च अगले तीन वर्षों में बढ़कर ७० करोड़ रुपए से अधिक होने वाला है। इससे ठेकेदारों की चांदी हो जाएगी। खास बात यह कि इस 'कॉन्ट्रैक्ट खिलवाड़' में उप मुख्यमंत्रियों के जिले ठाणे और पुणे पर विशेष मेहरबानी की गई है, जिसमें ठाणे जिले के छह अस्पतालों में ३२६ और पुणे के पांच अस्पतालों में १७७ ठेकाकर्मियों को रखा जाएगा। दूसरी तरफ हमेशा की तरह इस बार भी सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के




जिले की एक बार फिर से अनदेखी की गई है और यहां के अस्पतालों में केवल ८८ ठेका कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। महायुति सरकार ने नवनिर्मित और कायाकल्पित राज्य के २९ अस्पतालों में १,०८१ कुशल व अकुशल पद बनाने का निर्णय लिया है। लेकिन इन पदों पर भर्ती सरकारी वेतन पर नहीं, बल्कि ठेका पद्धति से होगी। बुधवार को जारी शासनादेश में स्पष्ट तौर पर जिक्र किया गया है कि इन नियुक्तियों पर हर साल करीब २३.११ करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। यह भी सिर्फ मूल खर्च है। इसमें न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार, बढ़ोतरी, सेवा शुल्क और जीएसटी जैसी भारी भरकम रकम अलग से जोड़ी जाएगी यानी असली बोझ जनता की जेब पर और भी ज्यादा पड़ेगा। यह ठेका भर्ती तीन सालों वर्ष २०२५-२६, २०२६-२७ और २०२७-२८ तक जारी रहेगी। फिलहाल, महायुति सरकार की तरफ से तर्क दिया गया है कि इससे प्रशासनिक खर्च नियंत्रित रहेगा। लेकिन हकीकत यह है कि स्थाई रोजगार देने की बजाय सरकार ने बेरोजगार युवाओं को फिर से कॉन्ट्रैक्ट की बेड़ियों में जकड़ने का निर्णय लिया है।

**सुरक्षा घोटाला, आउटसोर्सिंग पर १२० करोड़ खर्च**

सरकार ने राज्य के जिला महिला व बाल अस्पताल, सामान्य अस्पताल और ग्रामीण समेत कुल ५५८ अस्पतालों में ३,०२५ सुरक्षा रक्षकों की सेवाओं की आउटसोर्सिंग करने का निर्णय लिया है। वित्त वर्ष २०२५-२६ से २०२७-२८ तक इस सेवा लेने के लिए वार्षिक १२०.०५ करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि निविदा प्रक्रिया द्वारा भर्ती की जाने वाली संस्थाओं में सेवा शुल्क लागू होगा, जबकि मेस्को सुरक्षा रक्षक मंडल या अन्य शासन मान्य सुरक्षा दलों के लिए सेवा शुल्क नहीं लगेगा।

# पुणे : गणेश विसर्जन की पूर्व संध्या पर नाना पेठ इलाके में हिंसक गैंगवार

## कुख्यात अपराधी के बेटे की गोलीबारी में मौत!

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में गणेश विसर्जन की पूर्व संध्या पर नाना पेठ इलाके में हिंसक गैंगवार की घटना सामने आई है। इस घटना में कुख्यात अपराधी गणेश कोमकर के बेटे गोविंद कोमकर की गोलीबारी में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों ने गोविंद को तीन गोलियां मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत और तनाव फैल गया है। पुलिस का कहना है कि इस हत्या के पीछे पुराने गैंगवार का लिंक है। गौरतलब है कि पिछले साल 1 सितंबर 2024 को नाना पेठ में ही पूर्व एनसीपी पार्षद वनराज अंडेकर की हत्या कर दी गई थी।





अंडेकर की हत्या में गणेश कोमकर समेत 21 लोगों को आरोपी बनाया गया था। उस घटना ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया था। करीब एक दर्जन हमलावर मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए और स्ट्रीट लाइट बंद करके अंडेकर पर गोलियों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। फिलहाल, पुणे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है।

# मुंबई :21 वर्षीय स्कूटर सवार की मौत!

## डम्पर चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज

**मुंबई :** सेवरी पुलिस ने एक 32 वर्षीय डम्पर चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है, जिसके कारण 21 वर्षीय स्कूटर सवार की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125(बी) और 106(1) तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना 4 सितंबर को शाम लगभग 6:15 बजे पोल संख्या 141 और 142 के पास,



वडाला ट्रैफिक चौकी, सेवरी के सामने, बीपीटी रोड के उत्तर की ओर जाने वाली लेन पर हुई।

शिकायतकर्ता, राज रविंद्र पितले (23), निवासी सहार रोड, अंधेरी ने रिपोर्ट की कि आरोपी, करण कुमार भीकम पाल (32), जो बिसलेरी कंपनी के पास माहुलगाँव का निवासी है, लापरवाही से मिक्सर डम्पर (टल्ल 04 टल्ल 0417) तेज गति से चला रहा था, तभी उसने एक स्कूटर (टल्ल 02 ऋद्ध 3495) को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण, स्कूटर सवार, विघ्नेश तुषार पोपलकर (21), निवासी संभाजीनगर, अंधेरी पूर्व, गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में शिकायतकर्ता के पैर में भी गंभीर चोट आई है। शिकायत के आधार पर, पुलिस ने डम्पर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जाँच जारी है।

# मुंबई : बम धमाका की धमकी; आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** गणेश चतुर्थी पर मुंबई में बम धमाका करने की धमकी देने वाले आरोपी को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की पहचान अश्विनी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और पिछले पांच साल से नोएडा में रह रहा था. पुलिस और अन्य एजेंसियां अब आरोपी की कुंडली खंगालने में जुटी हैं. अधिकारियों के अनुसार, नोएडा पुलिस की स्वाट टीम ने थाना सेक्टर-113 इलाके से आरोपी को दबोचा और उसे मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया. यह कार्रवाई नोएडा पुलिस के ज्वाइंट सीपी राजीव नारायण मिश्र और स्वाट टीम ने सीपी नोएडा के आदेश पर की. बताया जा रहा है कि आरोपी ने मुंबई पुलिस को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर दावा किया था कि लश्कर-ए-जिहादी के 14



आतंकी मुंबई में आ चुके हैं और 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा धमाका करने की योजना बना रहे हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है. इस मैसेज ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी थी.

**बिहार कनेक्शन**

जांच में सामने आया कि धमकी देने वाला शख्स कोई बड़ा आतंकी नहीं, बल्कि नोएडा में रह रहा अश्विनी है. पुलिस ने उसके पास से मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है. शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने खुद को ज्योतिष बताया है. हालांकि, पुलिस अभी उसके दावों और पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की धमकी भरे संदेश से आम जनता और सुरक्षा एजेंसियों में अनावश्यक दहशत फैल सकती है. फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और मुंबई पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. आरोपी ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस को धमकी भरा मैसेज भेजा था. इसमें दावा किया गया कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं. आतंकी 400 किलो फ्ऊ 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है. धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया था.

# यवतमाल : किसान का दावा बड़े विवाद का कारण बन गया; 5 करोड़ का दावा निकला झूठा

**यवतमाल :** जिले के पुसद तालुका के खारशी गांव में एक किसान का दावा बड़े विवाद का कारण बन गया। किसान केशव शिंदे ने कहा था कि उसकी जमीन पर खड़ा एक पेड़ लाल चंदन का है और उसकी कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये है। लेकिन जांच के बाद सामने आया कि यह पेड़ लाल चंदन का नहीं बल्कि टेरोकार्पस मार्सुपियम प्रजाति का है, जिसकी वास्तविक कीमत मात्र 11,000 रुपये आंकी गई। यह मामला तब सामने आया जब वर्धा-यवतमाल-पुसद-नांदेड़ रेलवे परियोजना के लिए केशव शिंदे की जमीन अधिग्रहित की गई।


अधिग्रहण के दौरान उन्हें जमीन का मुआवजा तो दे दिया गया, लेकिन पेड़ों और भूमिगत पाइपलाइन के नुकसान के लिए मुआवजा नहीं मिला। इससे नाराज होकर शिंदे ने बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ में याचिका दाखिल की। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए रेलवे को आदेश दिया कि शिंदे को एक करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में दिए जाएं। इस आदेश के बाद शिंदे को 50 लाख रुपये की राशि तत्काल दे दी गई, जबकि शेष 50 लाख रुपये का भुगतान पेड़ के मूल्यांकन रिपोर्ट आने के बाद करने का निर्णय लिया गया।

# मुंबई : 1 महीने तक ड्रोन उड़ाने पर बैन; सिक्योरिटी एजेंसी अलर्ट

**मुंबई :** अगले 1 महीने तक सभी प्रकार के उड़ने वाली वस्तुओं पर ड्रोन को उड़ाने पर बैन लगाया गया है। दरअसल, प्रशासन ने ये फैसला सुरक्षा के लिहाज से लिया हुआ है। गणपति विसर्जन पर मुंबई पुलिस अपनी नजर बनाए बैठी है ताकि उत्सव बिना किसी परेशानी के समाप्त हो सके। वहीं, इस बीच कल ही मुंबई मानव बमों और आतंकवादियों के होने की खबर सामने आई थी। इस धमकी के बाद मुंबई पुलिस, सिक्योरिटी एजेंसी अलर्ट हो गई है।

**क्यों जरूरी है ड्रोन पर प्रतिबंध?**

दरअसल, ड्रोन तकनीक जितनी उपयोगी है, उतनी ही गलत हाथों में



खतरनाक भी साबित हो सकती है। इनका इस्तेमाल जासूसी, संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें लेने या किसी हमले की तैयारी में किया जा सकता है। इसी वजह से समय-समय पर ऐसे प्रतिबंध लगाए जाते हैं। बता दे कि शहर में 5 अक्टूबर तक हॉट एयर बैलून, रिमोट-कंट्रोल माइक्रोलाइट विमान, पैराग्लाइडर, पैरामोटर, हैंग ग्लाइडर और ड्रोन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है।

**ड्रोन बैन से क्या होगा?**

सभी उड़ने वाली वस्तुओं और ड्रोन पर बैन को लागू करने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहते हैं। आदेश जारी होते ही सार्वजनिक स्थानों, सरकारी इमारतों, रक्षा क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन उड़ाने पर सख्त रोक लगा दी जाती है। अगर कोई इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें जुर्माना और गिरफ्तारी भी शामिल होती है।

दरअसल, ऐसे प्रतिबंध आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लगाए जाते हैं। जैसे बड़े त्योहारों, वीआईपी मूवमेंट या किसी संवेदनशील परिस्थिति के दौरान ऐसे आदेश जारी किए जाते हैं, ताकि शहर में शांति और व्यवस्था बनी रहे। मुंबई में इस वक्त गणपति उत्सव मनाया जा रहा है, जिस वजह से पूरे शहर में दिन-रात भीड़भाड़ बनी रहती है।

# महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर महानगरपालिका ने बिल्डर उमराव सिंह ओस्तवाल के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया...

**भायंदर :** मीरा-भायंदर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज (जूनियर डिविजन) की अदालत ने भले ही बिल्डर उमराव सिंह ओस्तवाल को ५० हजार के मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया हो, लेकिन देर से ही सही मीरा-भायंदर महानगरपालिका ने उसके खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बता दें कि फजीवाड़े और धोखाधड़ी से संबंधित एक मामले में एफआईआर दर्ज होने के तीन महीनों बाद अंततः मीरा-भायंदर-वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और क्राइम ब्रांच ने बिल्डर उमराव सिंह ओस्तवाल को ३० अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। दो दिनों की पुलिस रिमांड के बाद ओस्तवाल को सोमवार को अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे ५० हजार के जात मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया गया।

मेसर्स श्री ओस्तवाल बिल्डर्स लिमिटेड के मालिक उमराव सिंह ओस्तवाल सहित कुलदीप सिंह ओस्तवाल और चार अन्य लोगों पर नया नगर पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा ४२० (धोखाधड़ी), ४०६ (विश्वासघात), ४६५ (दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़), ४६६ (जालसाजी), ४६८ (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), ४७१ (जाली दस्तावेजों का उपयोग), ४७२ (जालसाजी करने के इरादे से नकली मुहर का उपयोग) एवं (जाली दस्तावेज होने का ज्ञान



होते हुए धोखा देने का अपराध) के तहत १६ मई, २०२५ में मामला दर्ज किया था। बाकी के आरोपी अब तक फरार बताए जा रहे हैं। मामले की जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध शाखा को सौंपा गया था।

शिकायतकर्ता रंजीत झा जो आरोपियों द्वारा निर्माणित ओस्तवाल पैराडाइस (बिल्डिंग क्रमांक ६) की हाउसिंग सोसाइटी में सचिव पद पर कार्यरत हैं, ने पुलिस को दिए बयान के अनुसार, आरोपी बिल्डर ने २००६ में फ्लैट के बिक्री एग्रीमेंट में अपने लेआउट में चार रिहायशी और एक शॉपिंग सेंटर की जानकारी दी और सन २००८ में चार अलग हाउसिंग सोसाइटी का पंजीकरण करवाया। मामला २०१५ में तब सामने आया जब सोसायटी के पदाधिकारी अपनी इमारतों का डीम कन्वेअंस करने हेतु दस्तावेज इकट्ठा करने लगे। पता चला कि बिल्डर ने न सिर्फ तीन मंजिलों का निर्माण अवैध रूप से किया था, बल्कि सोसाइटी की मंजूरी लिए बिना फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पॉटेंटीयल (एक्स्ट्रा) फ्लोर स्पेस इंडेक्स का दुरुपयोग कर एक और इमारत (क्र ९) का निर्माण शुरू कर दिया।

ओस्तवाल और अन्य आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत कथित रूप से फर्जी सुधारित निर्माणकार्य अनुमति और जाली नक्शा बनाकर न सिर्फ अवैध फ्लैट्स को बेचकर खरीदारों को करोड़ों का चूना लगाया, बल्कि मनपा के साथ भी धोखाधड़ी को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए मनपा आयुक्त ने नगर रचना विभाग से श्री ओस्तवाल बिल्डर्स लिमिटेड से संबंधित प्रोजेक्ट्स के दस्तावेजों के जांच के आदेश दिए हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले भी ओस्तवाल बिल्डर पर अवैध निर्माण करने के अलावा १३ मामले पुलिस थानों में दर्ज हैं।

# मुंबई को नशे के दलदल में धकेलने की साजिश बेनकाब...

## ₹12000 करोड़ का ड्रग्स जब्त, फैक्ट्री सील



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है. देश की आर्थिक राजधानी को नशे के दलदल में धकेलने की साजिश को बेनकाब करते हुए ₹12000 करोड़ मूल्य के ड्रग्स जब्त किए गए हैं. मुंबई के बीचोंबीच नशे की फैक्ट्री चल रही थी. मुंबई पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो तत्काल कार्रवाई के लिए स्पेशल टीम का गठन कर दी गई. इसके बाद गोपनीय तरीके से छापेमारी कर नशे के इस कारोबार का खुलासा किया गया. इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स को देखकर पुलिसवाले भी चकरा गए. हालांकि, फैक्ट्री को तत्काल सील कर दिया गया. जानकारी के अनुसार, मुंबई से सटे मीरा रोड पुलिस ने 12 हजार करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स जब्त किए हैं. मीरा रोड पुलिस ने ड्रग्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. मौके परसे 32 हजार लीटर रॉ एमडी ड्रग्स बरामद किया गया है. इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. शुरूआत में पुलिस ने सिर्फ 200 ग्राम ड्रग्स पकड़ा था. जांच के दौरान ड्रग्स के तार जुड़ते गए और यह मामला 12 हजार करोड़ के ड्रग्स तक पहुंचा गया. बता दें कि केंद्र सरकार ने नशा के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है. इसके बाद राज्य सरकारों की तरफ से भी इसके खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन लिए जाने लगे हैं. मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुछ दिनों पहले बांद्रा इलाके में केले बेचने की आड़ में ठेले पर एमडी ड्रग्स बेचने के आरोप में एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है.

# मुंबई : थाने के अंदर पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**मुंबई :** एक पुलिस थाने के अंदर पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि मंगलवार रात पश्चिमी उपनगर कांदिवली के समता नगर पुलिस थाने में हुई इस घटना के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

अधिकारी ने बताया कि एक ट्रैफिक कांस्टेबल ने आरोपी अजय रमेश बामने को नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में रोका और उसे कार में उसके साथ मौजूद तीन अन्य लोगों के साथ थाने ले आया. पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आरोपी अजय रमेश बामने ने उस वक्त ट्रैफिक कांस्टेबल के साथ गाली-गलौज की और उसके दो दोस्त भी थाने पहुंच गए. उन्होंने बताया कि जब समता नगर पुलिस के अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया, तो पांचों आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई और गाली-गलौज की. इस घटना के बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और अजय बामने और गणेश बामने को गिरफ्तार कर लिया.

# मुंबई : बृह्नमुंबई महानगरपालिका वार्ड परिसीमन पर 10 सितंबर से सुनवाई!



**मुंबई :** महाराष्ट्र की बृह्नमुंबई महानगरपालिका आगामी चुनावों से पहले परिसीमन (वार्ड पुनर्निर्धारण) करा रही है। वार्ड पुनर्निर्धारण पर बीएमसी को अब तक 488 आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए हैं। अंतिम तिथि 4 सितंबर दोपहर 3 बजे तक तय थी। इन पर सुनवाई 10 से 12 सितंबर को सुबह 11 से शाम 5:30 बजे तक होगी। शहरी विकास विभाग ने 22 अगस्त को 227 वार्डों की प्रारूप सीमा अधिसूचना जारी की थी। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने बीएमसी मुख्यालय में चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर मतदान केंद्रों की सुविधाएं बेहतर करने और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# पुणे : अज्ञात हमलावरों ने पुणे में किशोर को गोली मारी... तलाश में जुटी पुलिस

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में डीसीपी निखिल पिंगले ने एक आपराधिक वारदात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नानापेट इलाके में स्थानीय लड़के आयुष गणेश कुमकर को उसके घर के बेसमेंट में दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। उसे ससून अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जोन वन के अलग-अलग थानों की छह क्राइम ब्रांच टीमें सहित कई और दल मामले की जांच कर रहे हैं। अज्ञात हमलावरों के बारे में कुछ जानकारी जुटाई है। पुलिस सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुंबई : आईसीयू स्कैम का खुलासा; मनपा के चार बड़े अस्पतालों में कार्यरत प्राइवेट एजेंसि बर्खास्त

**मुंबई :** मनपा के अस्पतालों में एक बड़े आईसीयू स्कैम का खुलासा हुआ है। इसके बाद चार बड़े अस्पतालों में कार्यरत प्राइवेट एजेंसियों को बर्खास्त कर दिया गया है। वीएन देसाई अस्पताल में फर्जी डॉक्टर के पैछले जाल ने मरीजों की जान को खतरे में डाल दिया था। इस खुलासे ने मनपा के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार की पूरी पोल खोल दी। फिलहाल, अब मनपा ने आउटसोर्सिंग के इस खेल पर शिकंजा कसते हुए अपने डॉक्टरों के माध्यम से आईसीयू सेवाएं संचालित करने का आदेश दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशासन फर्जी डॉक्टर और भ्रष्ट एजेंसी को कभी सजा देगा या फिर जनता की जान के साथ खिलवाड़ जारी रहेगा।



मनपा के अस्पतालों में धड़ल्ले से फजीर्वाड़ा हो रहा है। जब एक मामला पकड़ में आया तो मनपा ने एफआईआर के बजाय पुलिस में एक शिकायती पत्र देकर अपना पल्ला झाड़ लिया। कुछ दिन पहले सांताक्रुज के वीएन देसाई अस्पताल में मौजूद १० बेड के एमआईसीयू वार्ड में मरीजों का इलाज एक नकली डॉक्टर द्वारा किए जाने का मामला सामने आया था। यह मामला उजागर होने के बाद यह भी पता चला कि आईसीयू की जिम्मेदारी जिस एजेंसी को दी गई थी, उसका कार्यकाल भी मार्च महीने में खत्म हो चुका है। इसके बावजूद वह अपनी सेवाएं दे रही थी, जो अब तक जारी थीं। हालांकि, इस मामले का पदार्फाश होने के बाद अस्पताल प्रशासन और मनपा की जमकर किरकिरी हुई थी। यह मामला अभी तक पूरी तरह से शांत नहीं हुआ था कि अब पता चला है कि देसाई अस्पताल के साथ ही कांदिवली शताब्दी अस्पताल में मौजूद ३० बेड के एमआईसीयू व एसआईसीयू, बांद्रा स्थित भाभा अस्पताल में १२ बेड के एमआईसीयू और विक्रोली के क्रांतिवीर महात्मा ज्योतिबा फुले अस्पताल में मौजूद १० बेड के एमआईसीयू वार्ड को चलाने की जिम्मेदारी भी प्राइवेट एजेंसी को दी गई थी।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com